# पाठ - ३. तीन गुड़ियाँ

**श्रुतलेखन :-**

१) दरबार

२) गुड़ियाँ

३) कलाकार

४) सुंदर

५) अंतर

६) पसंद

७) बिलकुल

८) कान

९) तोहफ़े

१०) मुँह

## मौखिक प्रश्नोत्तर

क) अकबर के दरबार में गुड़ियाँ लेकर कौन आया?

उत्तर=) अकबर के दरबार में गुड़ियाँ लेकर एक कलाकार आया।

ख) दरबारियों को तीनों गुड़ियाँ कैसी लग रही थीं?

उत्तर=) दरबारियों को तीनों गुड़ियाँ एक-सी लगीं।

ग) कौन-सी गुड़िया सबसे अच्छी थी?

उत्तर=) तीसरी गुड़िया सबसे अच्छी थी।

घ) तीनों गुड़ियों में क्या अंतर था?

उत्तर=) तीनों गुड़ियों के स्वभाव में अंतर था।

Scanned with OKEN Scanner

Page No.:
Date:
YOUVA

## लिखित प्रश्नोत्तर :

1. कलाकार गुड़ियाँ किसे देना चाहता था?

उत्तर => कलाकार सबसे अच्छी गुड़िया चुननेवाले को गुड़ियाँ देना चाहता था।

2. बीरबल ने गुड़ियों में अंतर कैसे पता किया?

उत्तर => बीरबल ने गुड़ियों के कान में फूँक मारकर अंतर पता किया।

3. दूसरी गुड़िया किन लोगों जैसी थी?

उत्तर => दूसरी गुड़िया उन लोगों जैसी थी जो हर सुनी हुई बात को दूसरों को बता देते हैं।

4. तीसरी गुड़िया सबसे अच्छी क्यों थी?

उत्तर => तीसरी गुड़िया उन लोगों जैसी थी जो दूसरों की गुप्त बातें अपने तक ही सीमित रखते हैं, किसी को नहीं बताते हैं।

Scanned with OKEN Scanner